an>

Title: Need to provide funds for development of Ajgara Dham in Pratapgarh parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

कुँवर हरिवंश सिंह (प्रतापगढ़) ः मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ (उ.प्र.) स्थित ग्राम-अजगरा धाम, रानीगंज, में पौराणिक महाभारत कालीन यक्ष-युधिष्ठिर संवाद स्थल है। जिसकी लोकप्रियता सर्व जन भावना से जुड़ी हुई है। यहां पर प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले तीन दिवसीय महोत्सव के कार्यक्रम, जिसमें सांस्कृतिक, सामाजिक तथा तरह-तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है एवं ग्रामीण प्रदर्शनी का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाता है।

अजगरा धाम स्थल पर एक पौराणिक तालाब और एक वट वृष है, पौराणिक मान्यता है कि इस स्थल पर यक्ष-युधिष्ठिर संवाद हुआ था व सफाई और खुदाई के दौरान यहां पर महाभारत कालीन अवशेष भी प्राप्त हुए, जिसका संग्रहालय भी बना हुआ है।

यह स्थल करीब 5 एकड़ भूमि में फैला हुआ है, अतः संबंधित मंत्रालय से मेरा आग्रह है कि यहां पर एक सामुदायिक केन्द्र, रंगमंच भवन व खेल-कूद प्रतियोगिताआं हेतु इंडोर स्टेडियम हेतु करीब 10 करोड़ रू. एवं ऐतिहासिक स्थल का विकसित करने के लिए भारत सरकार से स्वीकृति कर धन अवमुक्त कराते हुए, इस पौराणिक स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की कृपा करें।